कार्यालय जनपद न्यायाधीश, जनपद गाजियाबाद।

दिनांक 14.07.2021

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, गाजियाबाद में न्यायालयों, कार्यालयों एंव न्यायालय परिसर आदि में साफ सफाई का कार्य करने के लिए कुल 08 सफाईकर्मियों की आवश्यकता है। शासनादेश संख्या 1963(1)/सात–न्याय–2/2000 दिनांकित 19.10.2000 एवं 01/2015–57/ सात–न्याय–2–2015–41 जी/97 दिनांकित 13.01.2015 के अनुसार प्रत्येक सफाईकर्मी की नियुक्ति संविदा के आधार पर नियत मानदेय अंकन 6000/– प्रतिमाह की दर से होगी तथा इस मानदेय पर अन्य किसी प्रकार का कोई भत्ता देय नही होगा। नियुक्त सफाईकर्मियों को प्रातः 08.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक साफ सफाई सम्बन्धी कार्य करना होगा। इच्छुक व्यक्तियों द्वारा दिनांक 30 जुलाई, 2021 तक आवेदन पत्र, "जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद" के नाम डाक द्वारा अथवा नजारत विभाग, जनपद न्यायालय, गाजियाबाद में व्यक्तिगत रूप से भी प्रेषित किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप नजारत विभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे तक निः शुल्क प्राप्त किया जा सकता हैं।

14.07.2021

(अरविन्द कुमार यादव–I)
अध्यक्ष, समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–01, गाजियाबाद।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट सं0–1, गाजियाबाद